श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
08.01.2026
माघ कृष्णपक्ष षष्ठी संवत 2082
वर्ष : 04, अंक : 139

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:39 बजे
अस्त - 05:24 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 18 डिग्री से.
न्यूनतम : 06 डिग्री से.

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...
# बंशीधर न्यूज
डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com



एसडीओ ने गेंदबाजी कर की शुरुआत >> पेज 03
फिर साथ नजर आएंगे सैयामी खेर और गुलशन देवैया >> पेज 05

**सुविचार**
कुछ लोग मरने से इतना डरते हैं कि वे कभी जीना ही नहीं चाहते।

**न्यूज अपडेट्स**

### झारखंड कैबिनेट की बैठक कल

**रांची।** झारखंड सरकार की मंत्रिपरिषद की बैठक शुक्रवार, 09 जनवरी को राजधानी रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन के मंत्रिपरिषद कक्ष में आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से बुधवार को दी गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राज्यहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया जाएगा और उन पर निर्णय लिए जाने की संभावना है। बैठक के एजेंडे में विभिन्न विभागों से संबंधित नीतिगत प्रस्ताव, विकास योजनाएं, प्रशासनिक सुधार, नियुक्ति एवं सेवा मामलों के साथ-साथ बजट और कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े विषय शामिल हो सकते हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, मंत्रिपरिषद की बैठक में चल रही योजनाओं की समीक्षा के साथ कुछ नए प्रस्ताव भी कैबिनेट के समक्ष रखे जाएंगे। सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए जनकल्याण, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर विशेष फोकस रहने की उम्मीद है। मंत्रिपरिषद के निर्णयों की विस्तृत जानकारी बैठक समाप्त होने के बाद आधिकारिक रूप से जारी की जाएगी।

**विदेश दौरा** पहली बार दावोस में एक आदिवासी जनप्रतिनिधि के रूप में हेमंत सोरेन की दर्ज होगी उपस्थिति

# पहली बार दावोस सुनाई देगी जोहार की गूंज

**रांची।** यह पहला अवसर होगा, जब 19 से 23 जनवरी 2026 तक दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में झारखण्ड से जोहार की गूंज सुनाई देगी। एक आदिवासी जनप्रतिनिधि के रूप में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की उपस्थिति दर्ज होगी। झारखण्ड इसके जरिए क्रिटिकल मिनरल्स, खनन, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चर, इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल और ऑटोमोबाइल, अक्षय ऊर्जा, वस्त्र निर्माण, पर्यटन और वनोत्पाद जैसे क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं और सरकार से मिलने वाले सहयोग की जानकारी साझा करने के प्रयासों को तेज करते हुए विजन 2050 की ओर कदम बढ़ा रहा है। यही वजह है कि इन कदमों को मजबूती देने, झारखण्ड को विश्व पटल पर लाने एवं देश में अग्रणी राज्यों में झारखण्ड को शामिल करने के लिए झारखण्ड का प्रतिनिधिमंडल स्विट्जरलैंड स्थित दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में शामिल होने जा रहा है। मुख्यमंत्री की दावोस यात्रा का उद्देश्य निवेश ईकी संभावनाओं से लबरेज झारखण्ड को एक प्रमुख निवेश का गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करना, वैश्विक उद्योग जगत के शीर्ष लोगों के साथ संवाद स्थापित करना और राज्य के फोकस एरिया में निवेश के नए अवसरों को आगे बढ़ाना है। इस दौरान



बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ निवेश के प्रस्तावों पर चर्चा होगी। इस बैठक में भारत की ओर से केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल एवं अन्य राज्यों का प्रतिनिधिमंडल भी शामिल होगा। इस बैठक के लिए इंडिया पवेलियन में केंद्र सरकार द्वारा झारखण्ड समेत देश के छह राज्यों को चुना गया है। झारखण्ड ग्रोथ इन हार्मनी विथ के थीम के साथ इस बैठक में मौजूद रहेगा। बैठक में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हो सकते हैं, इसके अतिरिक्त दुनिया भर के करीब 130 देशों के लगभग 3,000 प्रतिनिधि दावोस 2026 में भाग लेंगे। विश्व आर्थिक मंच 2026 का विषय ए स्पिरिट ऑफ डायलॉग और अनलॉकिंग न्यू सोर्सेस ऑफ ग्रोथ रखा गया है, जिसके अंतर्गत वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### क्या है विश्व आर्थिक शिखर सम्मेलन

विश्व आर्थिक शिखर सम्मेलन को व्यापक रूप से सबसे प्रभावशाली वैश्विक मंचों में से एक माना जाता है। यह मंच विभिन्न देशों के प्रमुख, नीति निमार्ताओं, उद्योगपतियों और वित्तीय संस्थानों को आर्थिक, तकनीकी, व्यापारिक और रणनीतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाता है। राज्य सरकार का मानना है कि इस मंच पर झारखण्ड की उपस्थिति वैश्विक उद्योगपतियों और निर्णयकताओं के साथ सीधे संवाद स्थापित करने में सहायक होगी और इससे राज्य में आर्थिक विकास, भावी पीढ़ी को वैश्विक चुनौतियों को समझने एवं रोजगार सृजन को गति मिल सकती है।

## तोरपा में 2.1 डिग्री तक गिरा पारा


**रांची।** झारखंड इन दिनों प्रचंड ठंड की चपेट में है। ठंड की तीव्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि खूंटी जिले के तोरपा में न्यूनतम तापमान गिरकर 2.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कांके में न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री और लोहरदगा में 3.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। राज्य के कई जिलों में शीतलहर के कारण लोग ठिठुरने को मजबूर हैं। सुबह और शाम कड़ाके की ठंड के चलते लोग अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकल



रहे हैं। शाम ढलते ही राजधानी रांची की सड़कों पर वाहनों का आवागमन कम हो गया है। वहीं, गरीब तबके और सड़कों के किनारे दुकान लगाने वाले लोग अलाव जलाकर ठंड से बचाव कर रहे हैं। मौसम विभाग ने गुरुवार तक राज्य के दक्षिणी, पश्चिमी और इससे सटे मध्यवर्ती जिलों में कहीं-कहीं शीतलहर चलने की संभावना जताई है। इसे लेकर विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार तक तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद शनिवार से न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में, जबकि सबसे कम तापमान 2.1 डिग्री सेल्सियस तोरपा में रिकॉर्ड किया गया। बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 19.4 डिग्री और न्यूनतम 4.6 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम 23.5 और न्यूनतम 7.7 डिग्री, डालटनगंज में अधिकतम 20.6 और न्यूनतम 4.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 20.1 और न्यूनतम 6.7 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 24.8 और न्यूनतम 5.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## चैनपुर के शाहपुर में बंद घर से 15 लाख के आभूषण व 85 हजार रु. चोरी

### सीसीटीवी का डीवीआर भी ले उड़े



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से सटे चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में चोरों ने एक बंद पड़े घर को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने घर के बाउंड्री के भीतर लगे ग्रिल समेत सभी कमरों के ताले तोड़कर 85 हजार रुपये नकद और करीब 15 लाख रुपये मूल्य के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर काटकर साथ ले गए, जिससे घटना का कोई फुटेज उपलब्ध नहीं हो पाया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना शाहपुर शिव दुर्गा मंदिर के समीप स्थित सघन आबादी वाले क्षेत्र में स्वर्गीय अरुण सिन्हा के घर में हुई। इस संबंध में अरुण सिन्हा के परिजन प्रतीक कुमार सिन्हा ने चैनपुर थाना को सूचना दी है। प्रतीक कुमार सिन्हा ने बताया कि अरुण सिन्हा की दो बेटियां हैं, जिनमें एक की शादी पुलिस लाइन रोड निवासी प्रतीक कुमार सिन्हा से और दूसरी की शादी रेड़मा निवासी मनोज श्रीवास्तव से हुई है। दोनों बेटियां अपने-अपने परिवार के साथ कभी ससुराल तो कभी मायके में रहती थीं। प्रतीक ने पुलिस को बताया कि पिछले करीब 20 दिनों से शाहपुर स्थित यह घर बंद था, क्योंकि परिवार के सभी सदस्य ससुराल में रह रहे थे। घर की साफ-सफाई के लिए एक सफाईकर्मी नियमित रूप से आती थी और सफाई के बाद घर बंद कर चली जाती थी। सुरक्षा के लिहाज से घर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिसकी निगरानी परिवार के लोग मोबाइल के माध्यम से करते थे। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात तक सीसीटीवी कैमरे का फीड सामान्य रूप से दिखाई दे रहा था, लेकिन बुधवार सुबह अचानक कैमरे का फीड बंद हो गया। इस पर प्रतीक कुमार सिन्हा अपनी पत्नी के साथ घर पहुंचे। वहां देखा कि मुख्य गेट बाहर से बंद था, लेकिन बाउंड्री के अंदर प्रवेश करने पर पाया गया कि ग्रिल समेत घर के सभी कमरों के ताले टूटे हुए हैं। चोरों ने अलमीरा और बक्सों के ताले तोड़कर 85 हजार रुपये नकद, सोने का पुराना गला सेट, सोने की चेन, सोने की आठ अंगूठियां, चांदी की पायल और बिछिया, पुश्तैनी जेवरात, पीतल के बर्तन और कुछ महत्वपूर्ण कागजात चोरी कर लिए। घटना के संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार से लिखित आवेदन प्राप्त होने के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश कर रही है और चोरी की इस वारदात को लेकर सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

**मॉरीशस अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी डॉ. पूनम**

# मिलेगा अंतरराष्ट्रीय हिंदी गौरव सम्मान

**रांची।** मॉरीशस में आयोजित होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में झारखंड की शिक्षाविद् एवं शोधकर्ता डॉ. पूनम को राज्य का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर वे भारतझमॉरीशस संबंधों में हिंदी भाषा का योगदान विषय पर अपना शोध आलेख प्रस्तुत करेंगी। यह जानकारी साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन के संस्थापक मनोज कुमार ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। मनोज कुमार ने बताया कि यह झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है कि इस सम्मेलन के दौरान डॉ. पूनम को अंतरराष्ट्रीय हिंदी गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान हिंदी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण शोध, लेखन और योगदान के लिए दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन हिंदी प्रचारिणी सभा, मॉरीशस, शिक्षा एवं मानव संसाधन मंत्रालय, मॉरीशस



तथा भारतीय उच्चायोग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन की शैक्षणिक यात्रा 09 जनवरी से प्रारंभ होकर 14 जनवरी को सांस्कृतिक संध्या के साथ संपन्न होगी। इस दौरान विभिन्न देशों से आए विद्वान हिंदी भाषा, साहित्य, संस्कृति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में हिंदी की भूमिका पर मंथन करेंगे। मनोज कुमार ने बताया कि इस सम्मेलन में भारत के अलावा सिंगापुर, थाईलैंड, इंडोनेशिया, नेपाल और जापान सहित कई देशों के प्रतिष्ठित साहित्यकार, भाषा विशेषज्ञ, शिक्षाविद् और शोधकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि डॉ. पूनम को मिले इस अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण से झारखंड सहित शैक्षणिक और साहित्यिक जगत में हर्ष और उत्साह का माहौल है। उल्लेखनीय है कि डॉ. पूनम वर्तमान में राधा गोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़ के इतिहास विभाग में विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। वे अब तक अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में शोध पत्र प्रस्तुत कर चुकी हैं। उनके शोध और लेखन से संबंधित कई पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं। उनकी जन्मभूमि चंदवा (लातेहार) है।



# राष्ट्रीय स्कूली हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड को दो स्वर्ण

**रांची।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित श्रीमंत राजमाता विजय राजे सिंधिया खेल परिसर में 2 से 7 जनवरी 2026 तक आयोजित 69 वीं राष्ट्रीय स्कूली हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। राज्य की बेटियों ने अंडर-14 और अंडर-19 दोनों वर्गों की फाइनल प्रतियोगिताओं में मेजबान मध्य प्रदेश को पराजित कर लगातार दो स्वर्ण पदक जीता। यह जानकारी झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची की ओर से संचालित राज्य खेल कोषांग की ओर से बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि अंडर-14 बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में राजमुनी कुमारी और सुष्मिता गुरिया के शानदार गोल की बदौलत झारखंड ने मध्य प्रदेश को 2झ1 से हराया। वहीं अंडर-19 वर्ग के रोमांचक फाइनल में रोशनी आइंद, गुलजन कुमारी और लेवनी हेमरम के शानदार गोल की मदद से झारखंड ने 3-2 से जीत दर्ज कर दूसरा स्वर्ण अपने नाम किया। टीम की इस सफलता में कोच और मैनेजर एम्मा बारा, रजनी टोप्पो, आरती बडाइक और दिव्या रोज जोजो की रणनीति की अहम भूमिका रही। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित शिक्षा विभाग और राज्य खेल कोषांग के पदाधिकारियों ने झारखंड की बेटियों को बधाई देते हुए इसे राज्य के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

**न्यूज अपडेट्स**

## हत्या का खुलासा, चार गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने लगभग एक साल पहले हुई हत्या मामले का खुलासा करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें बिनोद उरांव (मृतक का साला), राजमुनी देवी (बिनोद की पत्नी), अमरदीप खलखो और अनुप उरांव शामिल है। यह मामला अरगोड़ा थाना क्षेत्र के अशोक नगर गेट नं0 झ 01 के पीछे रेलवे लाइन के किनारे 10 फरवरी 2025 को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से संबंधित था। इस संबंध में अरगोड़ा थाना में कांड संख्या 29/2025 दर्ज किया गया था। एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर सिटी एसपी के नेतृत्व में और डीएसपी हटिया की देखरेख में गठित एक विशेष छापेमारी दल ने अनुसंधान किया। लंबी छानबीन के बाद पुलिस ने सात जनवरी को न केवल मृतक की शिनाख्त की, बल्कि हत्या में शामिल सभी अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर लिया। मृतक की पहचान संजय उरांव, पिता अकला उरांव, ग्राम जमटी, थाना बिशनपुर, जिला गुमला के रूप में हुई है। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान यह सनसनीखेज खुलासा हुआ कि मृतक संजय उरांव का अपने साले की पत्नी (यानी अपनी साली) के साथ कथित संबंध को लेकर सुसराल पक्ष के लोगों से लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते मृतक के साले बिनोद उरांव ने अपनी पत्नी राजमुनी देवी की सहमति से हत्या की साजिश रची। बिनोद उरांव ने अपने दो अन्य सहयोगी अमरदीप खालखो और अनुप उरांव की मदद से चाकू मारकर संजय उरांव की निर्मम हत्या कर दी।

**धरना** ▶ नगर निगम चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग

# झामुमो व कांग्रेस लोकतंत्र के असली दुश्मन : बाबूलाल

**रांची।** झारखंड में नगर निगम चुनाव की तिथि अविलंब घोषित करने, दलीय आधार पर तथा ईवीएम के माध्यम से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी महानगर जिला की ओर से बुधवार को नगर निगम कार्यालय के समीप धरना-प्रदर्शन किया गया। धरने में भाजपा के प्रदेश नेतृत्व से लेकर स्थानीय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।




धरना को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस पर लोकतंत्र का विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चास और बोकारो जैसे बड़े नगर निगमों में पिछले पांच वर्षों से चुनाव नहीं हुए हैं। सरकार की मंशा साफ है कि यदि इनके वश में हो, तो ये कभी चुनाव ही न कराएं। मरांडी ने कहा कि लोकतंत्र में नियमित चुनाव अनिवार्य हैं, लेकिन राज्य सरकार नहीं चाहती कि विकास कार्य जनप्रतिनिधियों के हाथों में जाएं। उन्होंने कहा कि दलीय आधार पर चुनाव से ही लोकतंत्र मजबूत होता है, जबकि गैर-दलगत चुनाव मनी पावर और मसल पावर को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने वर्ष 2008 में रांची के उपायुक्त रहते हुए नगर निगम चुनाव में सत्ता पक्ष के पक्ष में षड्यंत्र किया था, जिसे रांची की जनता आज भी नहीं भूली है। मरांडी ने प्रशासनिक अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी हुई, तो भाजपा कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून का इकबाल खत्म हो चुका है, चारों ओर लूट मची है और जनता खुद को असहाय महसूस कर रही है।

भाजपा के प्रदेश कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि पिछले छह वर्षों से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही सरकार ने झारखंड को बदहाली और भय के माहौल में धकेल दिया है। राज्य की कानून-व्यवस्था चरमरा चुकी है और आम आदमी असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बैलेट पेपर के जरिए चुनाव में धांधली करना चाहती है, जबकि पूरा देश ईवीएम से चुनाव करा रहा है। वर्ष 2008 के निकाय चुनाव इसका उदाहरण है।

भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि नगर निगम चुनाव को लेकर सरकार जनता को धोखा दे रही है। वर्षों तक निकाय चुनाव टालना लोकतंत्र का सीधा अपमान है। उन्होंने कहा कि दलीय आधार पर और ईवीएम से चुनाव कराने से ही पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण संभव है। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि नगर निकाय चुनावों को टालना जनता के अधिकारों पर सीधा हमला है। सरकार लोकतंत्र से डर रही है, इसलिए चुनाव से भाग रही है, लेकिन भाजपा इसे सफल नहीं होने देगी।

हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि दलीय आधार पर और ईवीएम से चुनाव ही निष्पक्ष और पारदर्शी लोकतंत्र की पहचान है। यदि सरकार ने चुनाव नहीं कराए, तो भाजपा जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता सड़क से सदन तक संघर्ष करेंगे।

महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि यह महाधरना जनता के आक्रोश और लोकतंत्र की आवाज का प्रतीक है। सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए तुरंत चुनाव की तिथि घोषित करनी चाहिए।

धरना-प्रदर्शन में प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, हेमंत दास, पूर्व विधायक समरी लाल, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, सत्यनारायण सिंह, के.के. गुप्ता, सुबोध सिंह गुड्डू, आरती सिंह, शशांक राज, राकेश भास्कर, रौशनी खलखो, संजय जायसवाल सहित पार्टी के हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में प्री बोर्ड-2 की परीक्षाएं शुरू

**रांची।** आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को और मजबूत करने के लिए झारखंड के सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में बुधवार से प्री बोर्ड-2 की परीक्षाएं शुरू हो गईं। प्री बोर्ड-2 की परीक्षा में कक्षा 10 वीं और कक्षा 12 वीं के 13,660 स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हो रही हैं। कक्षा 10 वीं में 6,551 और कक्षा 12 वीं में 7,109 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हो रही हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से परीक्षा संचालन के लिए विशेष मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है। साथ ही विद्यालयों को प्रश्न पत्रों की प्रति सीबीएसई शिक्षा ईमेल आईडी पर उपलब्ध कराई गयी है। परीक्षा कदाचार मुक्त और सीबीएसई के दिशा निर्देशों के अनुरूप हो, यह शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जा रहा है। प्री टेस्ट-2 के बाद संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारियों को संबंधित विद्यालयों के प्री टेस्ट-2 का सम्मिलित परीक्षाफल तैयार करते हुए विस्तृत विश्लेषण रिजल्ट के आधार पर छात्रों की ए, बी, सी और डी ग्रेडिंग करने का निर्देश दिया गया है। ग्रेड सी और डी के छात्रों के लिए विशेष रेमिडियल कक्षाएं दिवसवार और विषयवार, दो घंटे प्रतिदिन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। विद्यालय प्री टेस्ट-2 संपन्न होने के बाद 10 फरवरी तक प्रतिदिन विषयवार मॉडल टेस्ट पेपर का अभ्यास भी कराएंगे।



## खादगडा बस स्टैंड में चालकों को दी गई सड़क सुरक्षा की जानकारी



**रांची।** उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री के निर्देश पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बुधवार को बिरसा मुंडा बस टर्मिनल, कांटाटोली में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से चिकित्सकीय दलों ने 325 चालकों की स्वास्थ्य जांच की जांच की गई। सड़क सुरक्षा विभाग, रांची और रिलेशंस संस्था के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने किया। सड़क सुरक्षा माह के सातवें दिन आयोजित कार्यक्रम में झारखंड बस ऑनर्स एसोसिएशन और खाड़गडा बस ऑनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों और बस चालकों के साथ सड़क सुरक्षा पर बातचीत की गई। काउंसलिंग सत्र के दौरान चालकों को यातायात नियमों का पालन, सीट बेल्ट व हेलमेट का उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ट्रैफिक डीएसपी शिव कुमार, मोटर यान निरीक्षक विमल किशोर सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला रोड इंजीनियर एनालिस्ट गौरव कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## अपराधियों के पकडने में विफल हो रहे रांची में लगे सीसीटीवी कैमरे : सेठ



**रांची।** केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ बुधवार को राजधानी रांची के धुर्वा स्थित मौसीबाडी से अपहृत दो मासूम बच्चों अंश और अंशिका के घर पहुंचे। उन्होंने पीडित परिवार के लोगों को ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान संजय सेठ ने रांची एसपी से फोन पर बात कर बच्चों को यथाशीघ्र ढूंढने का निर्देश दिया। मंत्री ने शहर में लगे ट्रैफिक सीसीटीवी कैमरों की उपयोगिता पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये कैमरे केवल चालान काटने के लिए सक्रिय रहते हैं, लेकिन अपराधियों को पकड़ने में मददगार साबित नहीं हो रहे हैं। इसलिए पुलिस सात दिन बीतने के बावजूद अबतक दोनों बच्चों को बरामद नहीं कर पाई है। सेठ ने कहा कि रांची में अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है और शासन-प्रशासन का भय समाप्त होता दिख रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि बढ़ते अपराध के पीछे नशा का कारोबार मुख्य कारण है, जिस पर कठोरता से अंकुश लगाना होगा। उन्होंने प्रशासन से अपहृत दोनों बच्चों को जल्द खोजकर माता-पिता को सुपुर्द करने की मांग की। मंत्री ने बच्चों के मां और पिता की भावनात्मक स्थिति को समझते हुए कहा कि सरकार और प्रशासन इस गंभीर मामले में पूरी संवेदनशीलता के साथ काम करें। उल्लेखनीय है कि 2 जनवरी को बाजार से अंश (5) और अंशिका (4) का अपहरण हुआ था, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी रांची पुलिस को उनकी तलाश में सफलता नहीं मिल पाई है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव सहित कई स्थानीय नेता और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता में निर्मल ब्रदर्स क्लब बना विजेता

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के तत्वावधान में आयोजित मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता के पांचवें दिन बुधवार को खिलाड़ियों और दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मैच का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए बेहतर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आयोजक मंडली की सराहना की। प्रतियोगिता में पहला मुकाबला अभिमन्यु मुंडा फुटबॉल क्लब और सतियारी टोली फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया, जिसमें अभिमन्यु मुंडा क्लब नामकुम ने जीत दर्ज की। वहीं दूसरे सेमीफाइनल मैच में निर्मल ब्रदर्स और राजा स्पोर्ट्स क्लब बरियातू के बीच संघर्षपूर्ण खेल हुआ, जिसमें निर्मल ब्रदर्स विजेता रही। इसके बाद दोनों विजेता टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। शानदार खेल प्रदर्शन के बल पर निर्मल ब्रदर्स फुटबॉल क्लब ने प्रथम पुरस्कार जीतकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

### धुर्वा से लापता अंश-अंशिका का अब तक नहीं मिला सुराग

# समिति की बैठक में जनांदोलन तेज करने का निर्णय

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित मल्लारकोचा मौसीबाड़ी खटाल से अपहृत 5 वर्षीय अंश और 4 वर्षीय अंशिका (दोनों भाई-बहन) के लापता होने के छह दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। बच्चों की बरामदगी में हो रही देरी को लेकर स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। इसी कड़ी में बुधवार को 'अंश-अंशिका बचाओ संघर्ष समिति' की बैठक धुर्वा में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से 35 सदस्यीय संयोजक मंडल का गठन किया गया और निर्णय लिया गया कि अब समिति के बैनर तले जनआंदोलन को और तेज किया जाएगा। समिति ने ऐलान किया कि जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी देगा और त्वरित कार्रवाई की मांग करेगा।



समिति के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि जबतक दोनों बच्चों की सकुशल वापसी नहीं हो जाती, तबतक संघर्ष समिति की बैठक प्रतिदिन आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही चरणबद्ध आंदोलन कार्यक्रमों की घोषणा भी की जाएगी। आंदोलन को व्यापक स्वरूप देने के लिए संगठन के विस्तार पर भी सहमति बनी। बैठक में अपहृत बच्चों के पिता सुनील यादव ने बच्चों की अब तक सुरक्षित वापसी न होने पर गहरी चिंता जताई। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनआंदोलन की घोषणा के बाद ही प्रशासन ने कार्रवाई में तेजी दिखाई, जबकि यह तत्परता पहले से दिखाई जानी चाहिए थी।

इस मौके पर कैलाश यादव ने घटना को अत्यंत दुखद और मानवीय संवेदना से जुड़ा विषय बताते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षित घर वापसी तक किसी भी स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने बड़े आंदोलन से पहले मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात को जरूरी बताया।

बैठक में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ रांची के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में बच्चों की शीघ्र बरामदगी की मांग करते हुए आंदोलन को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# विशुनपुरा में गांधी क्रिकेट प्रीमियर लीग का हुआ शुभारंभ, मेराल ने पातसा को 40 रन से हराया



बंशीधर न्यूज

**विशुनपुरा :** गांधी क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में राज राजेन्द्र प्रताप देव उच्च विद्यालय के खेल मैदान में प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि व्यवसायी संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मुकाबला मेराल बनाम गढ़वा के पातसा टीम के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश गुप्ता ने खिलाड़ियों और उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुये कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक दोनों का विकास होता है। खेल अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारे को मजबूत करता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल को खेल भावना के साथ खेलने की अपील की और आयोजन समिति को इस सफल आयोजन के लिये बधाई दी। उदघाटन मैच में पातसा की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेराल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुये निर्धारित 14 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 168 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पातसा की टीम मेराल के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम 128 रन पर सिमट गई। इस प्रकार मेराल की टीम ने उद्घाटन मुकाबला 40 रन से जीतकर टूर्नामेंट में शानदार आगाज किया। उस मौके पर शिवकुमार ठाकुर, नवल किशोर गुप्ता, संजय गुप्ता, संयोजक बलराम पासवान, प्रशांत गुप्ता, सचिन गुप्ता, खेल प्रभारी ललन गुप्ता, त्रिदीप मिश्र, भोलानाथ साहू, नारायण शर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### आरोपी प्रेमी व प्रेमिका ने किया सरेंडर

**नावा बाजार :** नावा बाजार में प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी की हत्या करने वाले दो आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। विश्रामपुर पुलिस ने दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर अन्य आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार करने का दावा किया है। नावा बाजार थाना क्षेत्र के तुकबेरा के डरौना गांव से दो जनवरी को पुलिस ने दंडाधिकारी की मौजूदगी में प्रियंका देवी (मृतका) नामक महिला का दफनाया हुआ मिट्टी में सना हुआ शव बाहर निकाला था। विश्रामपुर के भूखला की प्रियंका देवी की हत्या का आरोप उसके पति रंजीत मेहता एवं नावा बाजार के तुकबेरा की उसके प्रेमिका पर लगा है। आरोप है कि दोनों ने मिलकर प्रियंका देवी की हत्या भूखला में करके उसके शव को प्रेमिका के गांव लाकर जेसीबी से खोदकर रखा गया गड्ढे में दफना दिया गया था। जानकारी के अनुसार प्रियंका कुमारी की शादी 2019 में विश्रामपुर थाना क्षेत्र के भूखला गांव के रहने वाले रंजीत मेहता से हुई थी। प्रियंका देवी 26 दिसंबर से लापता थी। परिजनों ने लापता होने की लिखित सूचना विश्रामपुर थाना को दी थी। परिजनों को गुप्त सूचना मिली कि प्रियंका की हत्या कर शव को नावाबाजार थाना क्षेत्र के डरौना गांव में दफना दिया गया है। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तब दंडाधिकारी की मौजूदगी में पुलिस ने शव को बाहर निकाला था। जिस गड्ढे में शव को दफनाया गया था उस गड्ढे को प्रेमिका ने ही छह हजार रुपये देकर वहीं के नंदू विश्वकर्मा के जेसीबी से खुदवाया था। 28 दिसंबर को गड्ढे को भरवा दिया गया था। घटना के बाद प्रियंका देवी के पति और उसकी प्रेमिका फरार थे। पुलिस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुये अनुसंधान करते हुये आरोपियों को गिरफ्तारी के लिये छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में आरोपी पति रंजीत मेहता और उसकी प्रेमिका ने लगातार सरेंडर कर दिया है। इस घटना में पुलिस को कई चौंकाने वाली जानकारी भी मिली है। क्षेत्र में चर्चा है कि प्रियंका देवी की हत्या में कुछ और लोगों की भूमिका निकल कर सामने आई है। विश्रामपुर के थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने बताया कि हत्या के आरोपी पति रंजीत मेहता और प्रेमिका ने सरेंडर कर दिया है। जल्द ही पुलिस दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी ताकि अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा सके।

**खेल** 24वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता

# एसडीओ ने गेंदबाजी कर की शुरुआत

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** 24 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन एसडीओ संजय कुमार और जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा हुआ। उद्घाटन समारोह में दोनों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और इसके बाद दिलीप कुमार यादव ने बल्लेबाजी की और एसडीओ संजय कुमार ने गेंदबाजी कर इस प्रतियोगिता की शुरुआत की। मौके पर एसडीओ संजय कुमार ने कहा कि 24 वर्षों से लगातार इस प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है, जो यह दर्शाता है कि यह प्रतियोगिता न केवल निरंतरता के साथ आयोजित हो रही है, बल्कि इसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह मंच



सिर्फ खेल के लिये नहीं, बल्कि खिलाड़ियों के विकास के लिये भी एक महत्वपूर्ण साधन साबित हो रहा है। एसडीओ ने गोविंद हाईस्कूल के मैदान का भी उल्लेख किया और बताया कि यह मैदान अब नियमित रूप से खेलों के संचालन के लिये उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि मेला और पार्किंग पर रोक लगा दी गई है, ताकि मैदान में सिर्फ खेल हो सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि मार्च माह के बाद इस मैदान में किसी प्रकार का बाजार या पार्किंग नहीं लगेगा। जिला खेल पदाधिकारी ने कहा कि खेल के क्षेत्र में कबड्डी, रेसलिंग, फुटबॉल, और बैडमिंटन जैसे खेलों के लिए स्टेडियम तैयार हैं और जो लोग इन खेलों में रुचि रखते हैं, वे इन सुविधाओं का लाभ उठाएं। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही इंडोर स्टेडियम के साथ क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण भी होने जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों को और भी बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि यह मंच सिर्फ खेल का नहीं, बल्कि अनुशासन का भी है, जहां खिलाड़ी न केवल खेल में भाग लेते हैं, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य भी सीखते हैं। सचिव आनंद सिन्हा ने बताया कि इस साल सीनियर वर्ग में 22 स्कूलों के टीमें खिताब के लिये प्रतिस्पर्धा करेंगी। जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि खेल में हार-जीत एक सामान्य प्रक्रिया है और असल जीत तब होती है जब खिलाड़ी हार से सीखकर आगे बढ़ता है। मौके पर उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, सुशील केशरी, पंकज कुमार सिंह, राजू सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, रोहन तिवारी, मनीष उपाध्याय, अभिषेक द्विवेदी, धीरज सोनी, अरविंद दुबे, मोहित सिन्हा, अंकित, नैतिक, नमन कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे और उपाध्यक्ष सुशील केशरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# विश्रामपुर : स्वास्थ्य मेले में सैकड़ों मरीजों की जांच

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** झारखंड सरकार के निर्देश पर विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ राजीव कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेन्द्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने वहां के अन्य लोगों के साथ संयुक्तरूप से किया। कार्यक्रम का संचालन मिथिलेश दुबे ने किया। मेले में



स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण से संबंधित 22 स्टॉल लगाये गये थे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेन्द्र कुमार ने बताया कि मेले के दौरान टीबी, मलेरिया, परिवार नियोजन सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही लोगों की मुफ्त जांच और दवा भी दिया गया। मेले में आयुष्मान कार्ड और आभा कार्ड भी बना कर पात्र लाभुकों के बीच वितरित किया गया। आयुष पद्धति से जुड़ी जानकारी भी लोगों को दी गई। बीपी-शुगर जांच के साथ जरूरत लोगों के बीच चश्मा भी वितरण किया गया। मौके पर मलेरिया विभाग के विनोद तिवारी, बीडीएम रवि कुमार, एमटीएस, पंकज कुमार, संतोष कुमार, अनिल पाण्डेय, राजन कुमार, राजेन्द्र सोनी, अनिल कुमार, उपेंद्र कुमार, रमेश कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## यूको बैंक का 84वां स्थापना दिवस मना



**गढ़वा :** तिवारी रेस्ट हाउस परिसर में संचालित यूको बैंक के शाखा में बैंक का 84वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बैंक में केक काटकर स्थापना दिवस का जश्न मनाया गया। अतिथियों ने केक काटकर यूको बैंक के 84 वर्षों की सेवा, भरोसे और राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान बैंक और ग्राहकों के बीच आपसी विश्वास, बेहतर सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी पर भी चर्चा की गई। मौके पर रेडक्रॉस सोसाइटी गढ़वा के वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी ने कहा कि यूको बैंक ने अपने 84 वर्षों के सफर में आम लोगों के विश्वास को मजबूत किया है और यह बैंक समाज के हर वर्ग को जोड़ने का कार्य कर रहा है। ब्रांच मैनेजर रंजीत एक्का ने कहा कि यूको बैंक का उद्देश्य हमेशा से पारदर्शिता, भरोसा और बेहतर सेवा रहा है और हम आने वाले समय में भी ग्राहकों को उत्कृष्ट बैंकिंग सुविधा देने के लिये प्रतिबद्ध हैं। हेड क्लर्क कुमार मौसम ने कहा कि स्थापना दिवस हम सभी के लिए गर्व का क्षण है और टीमवर्क और ग्राहकों के सहयोग से ही यह सफर संभव हो पाया है। मौके पर नवनिर्वाचित जायंट्स गढ़वा के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, तिवारी रेस्ट हाउस के प्रोपराइटर उमाकांत तिवारी, बैंक के कर्मी कृष्णा गोराई, रोहित कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## तुकबेरा मुखिया ने 300 जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल



**नावा बाजार :** प्रखंड की तुकबेरा पंचायत के मुखिया विनोद विश्वकर्मा ने पंचायत के 300 गरीब, असहाय व जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया। मुखिया श्री विश्वकर्मा ने बताया कि उन्हें सरकार की ओर से केवल 100 कम्बल दिया गया था। जबकि पंचायत में जरूरतमंदों की संख्या अधिक थी। पंचायत में जरूरतमंदों को देखते हुये उन्होंने अपनी निजी खर्च से 200 कंबल खरीद कर उनके बीच वितरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कम्बल वितरण करने के पहले भी गांव गांव जाकर जरूररतमंदों को चिन्हित कर उन्हें कम्बल दिया। ताकि उन्हें कोई परेशानी न हो। इस कार्य में उन्हें पंचायत के गणमान्य लोगों के अलावे पंचायत सचिव पंकज कुमार, नारायण विश्वकर्मा, सुनील कुमार राम व शैलेश कुमार पाल ने सहयोग किया।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल ने सात विकेट से डीएवी मॉडल को हराया



**गढ़वा :** 24 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग के उद्घाटन मैच में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल ने डीएवी मॉडल स्कूल को सात विकेटों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरे डीएवी मॉडल स्कूल ने सत्यम सोनी के अर्धशतक (51 रन) और आशीष के 36 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 192 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। ऑक्सफोर्ड स्कूल के गेंदबाज युवराज ने 3 विकेट और सूरज ने 2 विकेट लेकर डीएवी के स्कोर को सीमित करने में अहम भूमिका निभाई। जवाब में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। सूरज की तूफानी पारी ने खेल का रुख पलट दिया। सूरज ने केवल 45 गेंदों पर 113 रन बनाकर अपनी टीम को विजय की ओर अग्रसर किया। इसके अलावा साकेत ने भी 31 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। ऑक्सफोर्ड स्कूल ने छह गेंद शेष रहते तीन विकेट खोकर 193 रन बना कर मैच जीत लिया। मैच के बाद, सूरज को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिये प्लेयर ऑफ द डे का पुरस्कार प्रदान किया गया।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित, विधायक ने किया उद्घाटन, कहा

# एक ही स्थान पर कई स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध

बंशीधर न्यूज

**भवनाथपुर :** प्रखंड में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अनंत प्रताप देव, सीएचसी प्रभारी डॉ दिनेश कुमार, सीओ शंभू राम, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा एवं प्रमुख शोभा देवी ने संयुक्त रूप से फीता




काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि हर घर तक बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जाएं। स्वास्थ्य मेले के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उन्हें काफी सहूलियत मिल रही है। उन्होंने लोगों से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और समय-समय पर जांच कराने की अपील की। वहीं सीएचसी प्रभारी ने बताया कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों से ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। अब उन्हें इलाज के लिये दूर-दराज के अस्पतालों में नहीं जाना पड़ता, बल्कि स्थानीय स्तर पर ही योग्य चिकित्सकों द्वारा बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो जा रही है। मेले में सामान्य रोग, नेत्र जांच, दंत रोग, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण, परिवार नियोजन, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, एचआईवी जांच समेत कई विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच, परामर्श एवं उपचार किया गया। साथ ही जरूरतमंद मरीजों के बीच मुफ्त दवाओं का वितरण भी किया गया। मौके पर लेखापाल प्रदीप पाठक, डॉ नीतीश कुमार, डॉ शैलेंद्र कुमार, डॉ रंजन दास, अभिनीत विश्वास, डॉ पल्लवी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद, ब्रजेश सिंह, मुक्तेश्वर पांडेय, दीपक वर्मा, अनुज गुप्ता, अनूप गुप्ता सहित एएनएम, सहिया एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही है : डॉ मेहता



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर** : भाजपा पलामू जिला की ओर से दो वर्षों से लंबित नगर निकाय चुनाव को दलीय आधार पर एवं ईवीएम के माध्यम से अविलंब कराने की मांग को लेकर कचहरी परिसर में एक दिवसीय महाधरना दिया गया। उस मौके पर पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने कहा कि हेमंत सरकार लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही है। पंचायत चुनाव में पिछड़ों के आरक्षण के साथ खिलवाड़ किया गया और अब ट्रिपल टेस्ट के बहाने नगर निकाय चुनाव को टालकर जनता को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। भाजपा यह बर्दाश्त नहीं करेगी। नगर निकाय चुनाव दलीय आधार पर और ईवीएम से कराना ही होगा। उन्होंने कहा कि ईवीएम से चुनाव कराने से पारदर्शिता बनी रहती है, परिणाम शीघ्र आते हैं और गड़बड़ियों की संभावना न्यूनतम रहती है। भाजपा प्रदेश महा मंत्री मनोज कुमार सिंह ने कहा कि राज्य सरकार जानबूझकर नगर निकाय चुनाव से भाग रही है, क्योंकि उसे अपनी हार साफ दिखाई दे रही है। बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मंशा सिर्फ गड़बड़ी और अव्यवस्था फैलाने की है। भाजपा लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में तकनीक के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया जा रहा है, ताकि भ्रष्टाचार पर रोक लगे और विकास कार्यों में तेजी आए, लेकिन झारखंड सरकार उलटी दिशा में चल रही है। महाधरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि राज्य में पिछले दो वर्षों से नगर निकाय चुनाव लंबित हैं, जिससे नगर निकाय जनप्रतिनिधियों के अभाव में बदहाल स्थिति में पहुंच चुके हैं। पदाधिकारियों की मनमानी से आम जनता त्रस्त है और बुनियादी सुविधाओं के लिए लोगों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। महाधरना को प्रथम महापौर अरुणा शंकर, श्याम नारायण दूबे, विभाकर नारायण पांडेय, विजय कुमार ठाकुर, सुनील तिवारी, लवली गुप्ता, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडेय, धर्मेंद्र उपाध्याय , शिवकुमार मिश्रा, विजय कुशवाहा ,जितेंद्र तिवारी गुड्डू खान, सरवन गुप्ता, आशीष भारद्वाज, रेणुका पांडेय, सुनीता सिह , जय दूबे, धीरेंद्र दूबे आदि ने संबोधित किया। धरना की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित तिवारी व संचालन जिला महामंत्री ज्योति पांडेय ने किया।

## न्यूज अपडेट्स

### शिक्षक के निधन पर शोक सभा

**मेराल** : प्रखंड के मध्य विद्यालय बिकताम में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सहायक शिक्षक राजमोहन राम के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस दुःखद अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने राजमोहन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उनकी आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की। शोक सभा में उपस्थित शिक्षकों ने राजमोहन राम को शांत स्वभाव, मृदुभाषी, कुशल और कर्मठ शिक्षक के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि उनके निधन से विद्यालय को एक अत्यधिक अनुभवी और समर्पित शिक्षक की कमी महसूस होगी। राजमोहन जी का योगदान विद्यालय और विद्यार्थियों के प्रति अविस्मरणीय था और उनके निधन से जो अपूरणीय क्षति हुई है, वह कभी पूरी नहीं हो सकती। शोक सभा में उपस्थित शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर राजमोहन राम की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके बाद सभी शिक्षक राजमोहन के पैतृक आवास खरौंधी प्रखंड स्थित मझिगावां में पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया। शोक सभा में प्रधानाध्यापिका मधु पांडेय, शिक्षक मोजिबुद्दीन खान, विनोद कुमार पासवान, ओम प्रकाश कुमार, राजेश सिंह, मनोज पांडेय, सोनाली पांडेय, विद्यालय के अध्यक्ष शिव शंकर राम, रसोईया सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

## आरोप ▶ स्वास्थ्य मेले की नहीं दी गयी पूर्व सूचना : भाजपा

# अनुमंडल अस्पताल में लूट व भ्रष्टाचार चरम पर

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर** : भाजपा नेताओं ने अनुमंडल अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बुधवार को भाजपा नेताओं ने अनुमंडल अस्पताल के निरीक्षण के बाद कहा कि अस्पताल में लूट और भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा नेताओं ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कई अनियमितताओं को उजागर करने का दावा किया।

सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे ने आरोप लगाया कि अस्पताल में पदस्थापित डॉ मरीजों को बाहर की दवाइयां और जांच लिखते हैं। इससे यह प्रतीत होता है कि दवा दुकानों और जांच केंद्रों से मिलीभगत कर कमीशनखोरी का खेल चल रहा है, जिसमें अस्पताल की डीएस की भूमिका भी संदिग्ध है। उन्होंने कहा कि जिन सीएचओ की तैनाती आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में होनी चाहिए, उन सभी अनुमंडल अस्पताल में ड्यूटी ली जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

भाजपा नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि बुधवार को अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया, लेकिन इसकी कोई पूर्व सूचना आम जनता को नहीं दी गई। न तो प्रचार-प्रसार किया गया और न ही क्षेत्र के लोगों को इसकी जानकारी दी गई, जिससे मेला सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष और चालू वर्ष में अनुमंडल अस्पताल एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में मरम्मत और रखरखाव के नाम पर आई राशि में बड़े पैमाने पर बंदरबांट हुआ है। जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन स्थानीय बिचौलियों के इशारे पर काम कर रहा है और उनके संरक्षण में अवैध क्लिनिक संचालित किए जा रहे हैं। भाजपा नेता लक्ष्मण राम ने कहा कि डीएस डॉ. सुचित्रा कुमारी पिछले 20 वर्षों से यहां पर पोस्टेड हैं और अपने सरकारी आवास में क्लिनिक चलाती हैं। अस्पताल में सारी गड़बड़ी की जड़ वही हैं। इन सभी आरोपों पर भाजपा नेताओं के समक्ष अपनी सफाई देते हुए डॉ. सुचित्रा कुमारी ने जांच के लिए 15 दिनों का समय मांगा है। निरीक्षण के दौरान प्रमुख प्रतिनिधि रविन्द्र पासवान, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, शहरी मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, अशोक सेठ, विभूति चौबे, मुन्ना तिवारी, मुकेश रजक समेत भाजपा के कई नेतागण मौजूद थे।

## भूमि विवाद में बुलडोजर से मकान गिराया गया

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर** : प्रखंड में बुधवार को भूमि उपसमाहर्ता श्री बंशीधर नगर के आदेश पर भवनाथपुर अंचलाधिकारी शम्भु राम ने राजकुमार राउत को स्थल पर दखल दिहानी दिलाई। यह कार्रवाई सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के तहत की गई, जिसका उद्देश्य भूमि हदबंदी अधिनियम 16 (3) के अंतर्गत भूमि पर कब्जे को कानूनी रूप से निष्पादित करना था। सीओ ने बताया कि माननीय न्यायालय द्वारा भूमि उपसमाहर्ता के आदेश पर इस दखल दिहानी की प्रक्रिया को पूर्ण किया गया। ग्राम बुका में स्थित सर्वे खाता नंबर 71, प्लांट 425, रकबा 0.26 डिसमिल के अंतर्गत राजकुमार राउत को कानूनी तरीके से दखल दिहानी दी गई। इसके लिये अंचल अमीन द्वारा मापी की गई और चारों तरफ लाल झंडा लगाकर उपरोक्त जमीन पर बुलडोजर से मकान गिरा दिया गया। मौके पर अंचल निरीक्षक प्रेम शंकर पाल, हल्का कर्मचारी मानस कुमार, इंतिखाब आलम, अमीन जनार्दन महतो, थाना के एसआई निरंजन शर्मा, एसआई जगतबंधु महतो सहित काफी संख्या में महिला और पुरुष पुलिस बल शामिल थे।

## ग्रामीणों को मिला बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ



**सगमा** : प्रखंड में आयोजित एकदिवसीय साप्ताहिक बाजार के दौरान स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न बीमारियों से संबंधित जांच और उपचार की सुविधा प्रदान की गई। मेले का उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिदाश प्रसाद यादव, धुरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ पूनम कुमारी, डॉ आलोक कुमार पांडेय और डॉ दीपक कुमार यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वास्थ्य मेला में एक से बढ़कर एक स्टाल लगाये गये थे, जहां ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों की जांच के साथ-साथ दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। सभी स्टालों पर भारी भीड़ देखी गई और ग्रामीणों ने अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान किया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड के दूरदराज इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के लिये कई योजनाएं बनाई हैं। मुख्यमंत्री की सोच के तहत सगमा में आज इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है, जो सीधे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा रहा है। शिविर में विभिन्न बीमारियों से संबंधित जांच के लिये अलग-अलग स्टाल लगाये गये थे। मौके पर नेत्र सहायक प्रकाश पांडेय, एसटीएस रणधीर कुमार, एमपीडब्ल्यू मनोज कुमार, पीएमडब्ल्यू राजवर्धन सिंह, एएनएम नीलम सिन्हा, पुष्प कुमार आदि उपस्थित थे।

## मजदूरों के हक पर भाजपा का सुनियोजित हमला : गोपाल सिंह

**मेदिनीनगर** : पलामू कांग्रेस के जिला प्रवक्ता गोपाल सिंह ने कहा कि मनरेगा को कमजोर करना या उसके अस्तित्व से छेड़छाड़ करना केंद्र सरकार को भारी पड़ेगा। यह सिर्फ किसी योजना का नाम बदलने का मामला नहीं है, बल्कि देश के करोड़ों मजदूरों की रोजी-रोटी, आत्मसम्मान और अधिकारों पर किया गया सीधा और सुनियोजित हमला है। उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण भारत के लिए जीवन रेखा है। यह योजना भूख, बेरोजगारी और मजबूर पलायन के खिलाफ गरीबों की सबसे बड़ी ढाल रही है। भाजपा सरकार इसी ढाल को तोड़ना चाहती है, ताकि मजदूर फिर से असुरक्षा और दया पर निर्भर हो जाय। यह नीति नहीं, बल्कि गरीब विरोधी मानसिकता का खुला प्रदर्शन है।

## नगर निगम चुनाव से पहले भाजपा को दिख रही हार : बिट्टू पाठक

**मेदिनीनगर**: भाजपा द्वारा धरना-प्रदर्शन और चुनाव संबंधी मांगों पर कांग्रेस नेता जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि नगर निगम चुनाव से पहले ही भाजपा को अपनी हार साफ नजर आने लगी है। इसी डर से भाजपा लगातार धरना-प्रदर्शन कर रही है। भाजपा नगर निगम चुनाव को दलीय आधार पर इसलिए कराना चाहती है ताकि हिंदू-मुस्लिम के नाम पर वोटों का ध्रुवीकरण कर जनता को डराकर वोट हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि चुनाव गैर-दलीय आधार पर होता है तो स्वतंत्र प्रत्याशी जनता के समर्थन और अपने कार्यों के दम पर चुनाव लड़ेंगे और उनकी जीत सुनिश्चित होगी, जिससे भाजपा को नुकसान होगा।कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा को बैलेट पेपर से चुनाव कराने से डर लगता है। इसलिए वह ईवीएम से चुनाव कराने की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि ईवीएम के जरिए भाजपा को वोट चोरी करने में आसानी होती है, जबकि बैलेट पेपर से चुनाव होने पर डालटनगंज की जनता के वोट की वास्तविक ताकत सामने आ जायेगी।

## श्री सर्वेश्वरी समूह ने 176 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण




**मेदिनीनगर** : श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा डाल्टनगंज की ओर से समूह के बीस सूत्रीय कार्यक्रम के तहत कड़ाके की ठंड से जूझ रहे अत्यंत जरूरतमंद लोगों के बीच 176 कंबलों का वितरण किया गया। इस सेवा अभियान के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के गरीब व असहाय परिवारों को राहत पहुंचाई गई। सेवा कार्यक्रम के तहत चैनपुर प्रखंड के महुगावां, किनी, बांसडीह, खुटार कला, खुटार खुर्द एवं केकतुआ गांव में 154 कंबल वितरित किए गए। वहीं मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सिंगरा कला हरिजन टोला में 22 कंबल जरूरतमंदों के बीच बांटे गए। शाखा व्यवस्थापक योगेन्द्र नारायण सिंह ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह केवल एक आध्यात्मिक संस्था नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित संगठन है। मानव सेवा ही हमारा मूल उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि समूह देशभर में संवेदनशीलता के साथ मानव कल्याण एवं सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है।है। कार्यक्रम में समूह के सदस्य सुधीर सिंह, डॉ. नरसिंह सिंह, शिक्षक संजय दूबे, धीरज कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## गढ़वा रेलवे स्टेशन पर नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान

# नशे से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव

बंशीधर न्यूज





**गढ़वा** : जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में गढ़वा रेलवे स्टेशन पर नालसा डॉन योजना 2025 के तहत ड्रग अवेयरनेस एंड वैलनेस नेवीगेशन अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों को नशे के प्रभाव, नशा मुक्ति और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। अभियान के दौरान पीएलवी के चार सदस्य कृष्णानंद दुबे, अरविंद तिवारी, उमाशंकर द्विवेदी और संगीता सिन्हा ने यात्रियों को नशा पीड़ितों से सतर्क रहने और नशे से मुक्ति के उपायों के बारे में जानकारी दी। इस अभियान में यात्रियों को विशेष रूप से नशीले पदार्थों से लूटने वाले गिरोह के बारे में आगाह किया गया। टीम ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व यात्रियों को नशीली पदार्थ खिलाकर लूटने की कोशिश करते हैं। वे कुरकुरे के पैकेट में नशीला पदार्थ भरकर यात्रियों को देते हैं, जिससे वे खाने के बाद बेहोश हो जाते हैं और उनकी कीमती वस्तुएं जैसे रुपए, जेवरात और यहां तक कि किडनी और आंखों जैसे अंग भी चोरी कर लिये जाते हैं। पीएलवी टीम ने यात्रियों को यह भी बताया कि ऐसे गिरोहों से सावधान रहें और अपरिचित लोगों से कुछ भी खाने या पीने से बचें। उन्होंने कहा कि यात्रियों को अपनी सुरक्षा और सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि ये गिरोह समाज में गंभीर खतरे का कारण बन सकते हैं। साथ ही यात्रियों को यह संदेश दिया गया कि वे समाज के धरोहर हैं और यदि वे किसी को नशे की लत में पड़े देखें, तो उन्हें समझाने का प्रयास करें। शराब, गांजा, अफीम जैसी मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन को लेकर युवाओं और बच्चों को जागरूक करें। पीएलवी टीम ने बताया कि मादक पदार्थों के सेवन से केवल स्वास्थ्य ही प्रभावित नहीं होता, बल्कि यह परिवार, समाज और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। टीम ने कहा कि यदि यात्रियों को किसी प्रकार की समस्या या परेशानी आती है, तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा और ब्लॉक स्तर पर कार्यरत पीएलवी से संपर्क कर सकते हैं। उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## फिर साथ नजर आएंगे सैयामी खेर और गुलशन देवैया

ऋषभ शेट्टी की सुपरहिट फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' में अपने प्रभावशाली नकारात्मक किरदार से पहचान बनाने वाले गुलशन देवैया एक बार फिर सुर्खियों में हैं। 'कांतारा 2' के बाद अब अभिनेता अपनी नई परियोजना को लेकर चर्चा में आ गए हैं। इस बार वह एक शॉर्ट फिल्म में नजर आएंगे, जिसमें उनके साथ सैयामी खेर की जोड़ी दोबारा देखने को मिलेगी। इससे पहले दोनों ने साल 2023 में आई फिल्म '8 अट मेट्रो' में साथ काम किया था, जिसे दर्शकों ने सराहा था। रिपोर्ट के अनुसार इस शॉर्ट फिल्म को लेकर चर्चाएं तब तेज हुईं, जब इसकी शूटिंग के दौरान की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। फिल्म की शूटिंग मुंबई के उपनगरों में वास्तविक लोकेशंस पर की गई है। निमार्ताओं ने सेट बनाने के बजाय असली जगहों को चुना, ताकि कहानी में सच्चाई और गहराई नजर आए। वायरल तस्वीरों ने फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्साह और जिज्ञासा दोनों बढ़ा दी हैं। इस शॉर्ट फिल्म का नाम फिलहाल सामने नहीं आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे एक नए फिल्ममेकर निर्देशित कर रहे हैं और इसकी कहानी अनकहे जज्बातों व मानवीय रिश्तों के इर्द-गिर्द घूमेगी। खास बात यह है कि फिल्म को ब्लैक एंड व्हाइट फॉर्मेट में शूट किया गया है, जो इसके भावनात्मक असर को और गहरा बना सकता है। सूत्रों के अनुसार, फिल्म की शूटिंग 1 जनवरी को शुरू होकर 5 जनवरी को पूरी हो चुकी है, जबकि बाकी कलाकारों और रिलीज डेट को लेकर अभी आधिकारिक जानकारी का इंतजार है।

## 33वें दिन 'धुरंधर' की चाल हुई सुस्त, 'इक्कीस' की कमाई निराशाजनक



रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधर' की रफ्तार अब बॉक्स ऑफिस पर धीमी पड़ती नजर आ रही है। 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई यह फिल्म लगातार डबल डिजिट कलेक्शन कर रही थी, लेकिन अब इसकी कमाई सिंगल फिगर में सिमट गई है। वहीं, अगस्त्य नंदा की देशभक्ति पर आधारित फिल्म 'इक्कीस' रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर जूझती दिखाई दे रही है। वीकेंड पर ठीक-ठाक ओपनिंग के बाद अब इसकी कमाई में तेज गिरावट दर्ज की गई है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, 'धुरंधर' ने रिलीज के 33वें दिन करीब 4.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। हैरानी की बात यह है कि 32वें दिन भी फिल्म ने इतनी ही कमाई की थी। पांचवें हफ्ते में एंट्री कर चुकी इस फिल्म का घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन अब 781 करोड़ रुपये से ज्यादा पहुंच चुका है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ संजय दत्त, आर. माधवन, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी और सारा अर्जुन अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर, श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्कीस' की हालत बॉक्स ऑफिस पर लगातार खराब होती जा रही है। सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने छठे दिन महज 1.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 23 करोड़ रुपये हो गया है। पहले ही हफ्ते में फिल्म की यह स्थिति निमार्ताओं के लिए चिंता का कारण बन गई है। माना जा रहा था कि नए साल में रिलीज होने का फायदा फिल्म को मिलेगा, लेकिन उम्मीदों के उलट इसका असर बॉक्स ऑफिस पर दिखाई नहीं दिया।

## वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल में उमंग वाटिका की शुरुआत



# आतिशी का स्थान तिहाड़ जेल होना चाहिए

### दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष से आतिशी की सदस्यता रद्द करने की मांग





**नई दिल्ली।** दिल्ली के कैबिनेट मंत्रियों और विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के मुख्य सचेतक अभय वर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर नेता प्रतिपक्ष आतिशी की सदस्यता रद्द करने और आपराधिक मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है।

कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों को बताया कि आज विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को मुख्य सचेतक अभय वर्मा और मंत्रियों ने मिलकर एक पत्र लिखा है। सिरसा ने कहा कि विधानसभा सदन में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने अपनी सीट से खड़े होकर श्री गुरु तेग बहादुर जी के बारे में जो वक्तव्य दिया, वह अभद्र, शर्मनाक और मयार्दाहीन था। इस मामले में आतिशी के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज होना चाहिए, दिल्ली विधानसभा से तुरंत प्रभाव से उनकी सदस्यता रद्द होनी चाहिए और उन्हें जेल की सजा दी जाए। सिरसा ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर का अपमान करने वालों का स्थान सदन नहीं, बल्कि तिहाड़ जेल होनी चाहिए।

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि आतिशी ने जो किया उसे संज्ञान में लेते हुए उनकी सदस्यता को रद्द करना चाहिए। आतिशी ने श्री गुरु तेग बहादुर का अपमान करके सदन के साथ-साथ पूरा देश आहत किया है। देश की अखंडता को मजबूत करने के लिए हमारे गुरुओं ने पूरे परिवार के साथ अपनी शहादत दी लेकिन विपक्ष की नेता आतिशी द्वारा उनका मजाक उड़ाया गया।

इससे पहले विधानसभा की कार्यवाही आज शुरू होते ही भाजपा सदस्यों ने नेता प्रतिपक्ष आतिशी के सिख गुरुओं पर टिप्पणी को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। भाजपा सदस्यों ने आतिशी से माफी मांगने को लेकर सदन में प्रदर्शन किया। हंगामे को देखते ही अध्यक्ष ने सदन को पहले आधे घंटे के लिए स्थगित कर दिया। उसके बाद सदन की कार्यवाही जब दोबारा शुरू हुई तो भाजपा सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया। कार्यवाही स्थगित होने के बाद भाजपा विधायकों ने आतिशी को माफी मांगने और उनपर कार्रवाई को लेकर विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने विधानसभा परिसर स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा के सामने बैठकर विरोध प्रदर्शन किया।

## अपनी हार सामने देख बौखला गई हैं पूर्व महापौर : सन्नू सिद्दीकी



**मेदिनीनगर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह उपाध्यक्ष सन्नू सिद्दीकी ने भाजपा के धरना-प्रदर्शन को चुनावी नौटंकी बताते हुए पूर्व महापौर अरुणा शंकर के हालिया बयान पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आगामी नगर निगम चुनाव में अपनी निश्चित हार सामने देख पूर्व महापौर बौखलाहट में तथ्यहीन और भ्रामक बयान दे रही हैं। सन्नू सिद्दीकी ने कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम में मेयर और डिप्टी मेयर दोनों पदों पर भाजपा के प्रतिनिधि चुने गए थे, इसके बावजूद शहर का अपेक्षित विकास नहीं हो सका। न तो गलियों का समुचित निर्माण कराया गया और न ही नालियों की व्यवस्था को दुरुस्त किया गया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी के टैंकरों के पीछे लगने वाली लंबी कतारें और बरसात के दौरान घरों में घुसने वाला पानी नगर निगम के कथित विकास की पोल खोल देता है। सन्नू सिद्दीकी ने आरोप लगाया कि नगर निगम में विकास के नाम पर केवल लूट-खसोट हुई और मेदिनीनगर को वर्षों पीछे धकेल दिया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नगर निगम में हुए कथित घोटालों की जांच कराई जाएगी। पूर्व जनप्रतिनिधियों ने केवल अपनी जेबें भरीं और जनता के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने कहा कि ईवीएम से चुनाव कराना या नहीं कराना चुनाव आयोग का विषय है। ईवीएम निर्माण करने वाली कंपनी द्वारा नई मशीनें उपलब्ध कराने के लिए लगभग एक वर्ष का समय मांगा गया है, जबकि पुरानी ईवीएम की वैधता समाप्त हो चुकी है और अन्य राज्यों से भी मशीनें उपलब्ध नहीं हो सकीं। ऐसे में चुनाव आयोग द्वारा बैलेट पेपर से चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है।

## लायंस क्लब ने जरूरतमंदों के लिए आयोजित किया भंडारा सेवा



**मेदिनीनगर :** नववर्ष के शुभ अवसर पर लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर द्वारा स्थानीय बेलवाटीका चौक स्थित हनुमान मंदिर के समीप जरूरतमंद महिलाओं व बच्चों सहित राहगीरों के लिए भंडारा सेवा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम क्लब के अध्यक्ष लायन गुरबीर सिंह के सौजन्य से संपन्न हुआ। अध्यक्ष लायन गुरबीर सिंह ने कहा कि लायंस क्लब नव वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सेवा और आनंद का संदेश दे रहा है। उन्होंने कहा कि समाज का वह वर्ग जो अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए दिन-रात परिश्रम करता है, उसके साथ अपनी खुशियां साझा करना भी हम सभी का दायित्व है। इसी उद्देश्य से नववर्ष के मौके पर यह सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया, ताकि जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लायी जा सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में आईपीपी डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ, सचिव प्रियंका आनंद साहू, वरुण जायसवाल, विकास शेट्टी, निलेश चंद्र, समाजसेवी पिंकू तिवारी एवं रणजीत मिश्रा की सक्रिय भूमिका रही।

## नेपाली संसद के उच्च सदन चुनाव में ओली-देउवा में गठबंधन, प्रचण्ड बाहर



**काठमांडू।** नेपाल की संसद के उच्च सदन राष्ट्रीय सभा की 18 सीटों के निर्वाचन में नेपाली कांग्रेस एवं नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) के बीच सीटों का तालमेल हो गया और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी सेंटर) गठबंधन से बाहर हो गयी। राष्ट्रीय सभा चुनाव के लिए नामांकन के आखिरी दिन आज पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली और शेरबहादुर देउबा ने अपने गठबंधन को अंतिम रूप दिया। पुष्पकमल दहल प्रचण्ड ने सीटों की संख्या को लेकर असहमति जतायी थी जिस पर नेकपा-माओवादी सेंटर को गठबंधन को अलग करने का फैसला किया गया। इसके बाद नेपाली कांग्रेस, नेकपा (एमाले) के बीच गठबंधन बना। समझौते के अनुसार, कांग्रेस को 9 सीटें, एमाले को 8 सीटें देने का फैसला हुआ है। संसद के उच्च सदन के 18 सीटों पर 25 जनवरी को होने वाले मतदान में एक सीट मधेशी नेता महंत ठाकुर के लिए छोड़ा गया है। कांग्रेस एमाले के समर्थन से ठाकुर भी अपनी उम्मीदवारी दे रहे हैं। कांग्रेस ने 9 सीटों के लिए कोशी से सुनील थापा, मधेस से धमेन्द्र पासवान और रणजीत कर्ण, बागमती से गीता देवकोटा, गण्डकी से जगत तिमिल्सिना, लुम्बिनी से बासुदेव जंगली और चन्द्रबहादुर केसी, कर्णाली से ललितबहादुर शाही तथा सुदूरपश्चिम से खम्मबहादुर खाती को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह, यूएमएल ने अपनी 8 सीटों के लिए कोशी प्रदेश से रोशनी मेचे, बागमती से डॉ. प्रेमकुमार दंगाल, गण्डकी से सम्झना देवकोटा, लुम्बिनी से रामकुमारी झांक्री, कर्णाली से मीना रखाल और सुदूरपश्चिम से लीला कुमारी भण्डारी को उम्मीदवार बनाया है।

## डीसी के जनता दरबार में कई मामलों में त्वरित कार्रवाई

# दिव्यांग को ऑन स्पॉट मिली ट्राइसाइकिल

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** डीसी समीरा एस ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित जनता दरबार में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से पहुंचे लोगों से समस्याएं सुनी और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। लेस्लीगंज प्रखंड के झरकटिया गांव से आए राहुल कुमार ने बताया कि उन्होंने 23 दिसंबर को लेस्लीगंज पैक्स में धान की बिक्री की थी, लेकिन अब तक न तो भुगतान किया गया है और न ही भुगतान की प्रक्रिया शुरू हुई है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पड़वा प्रखंड के गोलहना गांव से आए दिव्यांग अरुण कुमार ने जनता दरबार में बताया कि उन्हें चलने-फिरने के लिए ट्राइसाइकिल की आवश्यकता है। डीसी ने डीएसडब्ल्यूओ को तत्काल ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, जिसके बाद अरुण कुमार को मौके पर ही ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त जनता दरबार में स्थानांतरण से संबंधित शिकायतें, आंगनबाड़ी सेविका चयन से जुड़े मामले, सरकारी सड़क पर अतिक्रमण, पीडीएस दुकानों के डीलरों से जुड़ी शिकायतें, आवास योजना का लाभ दिलाने, विद्यालय स्थानांतरण सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए। डीसी ने प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए 15 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)